321
12/9/12

सत्यमेव जयते

खण्ड - 9 संख्या - 11

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## नवम् सत्र

---

### ( भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

शुक्रवार, तिथि : 8 जुलाई, 1988 ई०

---

प्रखंड के शिवराहा वासुदेव में एक पुल का निर्माण जिला परिषद् द्वारा 1981 में प्रारंभ किया गया था जो अभी तक अधूरा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधूरा कार्य के कारण उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों के आवागमन में काफी कठिपाई होती है, यदि हाँ तो सराकर कबतक उक्त कार्यों को पूरा कराने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री**, ग्रामीण विकास विभाग : (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) बरसात में आवागमन में कठिनाई होती है। शिवराहा वासुदेव में राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम के तहत 8 x 3 फीट व्यास ह्यूम पाईप पुलिया का निर्माण हेतु वार्षिक कार्य योजना 1986-87 में स्वीकृति प्रदान की गयी, परन्तु जिला परिषद् कोष में निधि का अभाव है जिसके फलस्वरूप निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है।

---

## जीप की आपूर्ति

**सामु-100. श्री हिन्द केशरी यादव** : क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड में वर्ष 1984-85 से प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास जीप नही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी किसी भी विकास कार्य को जीप के अभाव में देखने में असमर्थ हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि मार्च, 1986 में एक पुरानी जीप

दी गई है जो चलाने के लायक नहीं है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक दूसरी जीप आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री**, ग्रामीण विकास विभाग : (1) से (4) मीनापुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को 1985-86 के कोटे से एक डीजल जीप आवंटित की गयी थी जिसकी डिलेभरी उन्हें दिनांक 2 मई, 1987 को दे दी गयी।

कंडिका (1) के उत्तर के आलोक में यह प्रश्न नहीं उठता है।

---

## मिट्टी कार्य का कार्यान्वयन

**सामु-102. : श्री हिन्द केशरी यादव** : क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड स्थित मुस्तफागंज-मझौलिया पथ जिला परिषद् के अन्तर्गत है;

(2) क्या यह बात सही है कि 1985-86 में उक्त पथ में मिट्टी कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में राशि आवंटन के बावजूद कार्य नहीं हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 1986-87 में मिट्टी कार्य कराकर उक्त पथ में सोलिंग कराने का विचार